कार्यालय समन्वयक, पीटीईटी 2023
गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय,बाँसवाड़ा

Email: ptetggtu2023@gmail.com *Mobile No. 7357477123*

क्रमांकः एफ ( )/जीजीटीयू/पीटीईटीपरीक्षा/2023/101 दिनांक– 30.06.2023

<u>महाविद्यालय पंजीकरण हेतु आवश्यक सूचना</u>

पी.टी.ई.टी.–2023 का परीक्षा परिणाम दिनांक 22.06.2023 को घोषित किया जा चुका है। राज्य में स्थित शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में दो वर्षीय बी.एड. एवं चार वर्षीय बी.ए. बी.एड. /बी. एस.सी. बी.एड. सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु काउंसलिंग शीघ्र ही प्रस्तावित है। अतः आप पी.टी. ई.टी.–2023 वेबसाईट <u>www.ptetggtu.com</u> पर पंजीकरण कर महाविद्यालय से संबंधित निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड करें। दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड करने हेतु आपको युजर आई.डी. व पासवर्ड शिघ्र ही प्राचार्य/निदेशक को एस.एम.एस. द्वारा उपलब्ध करवाए जाएंगे।

1. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् <u>(NCTE)</u> द्वारा जारी मान्यता आदेश की प्रति।
2. आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति।
3. संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा जारी सम्बद्धता आदेश की प्रति।
4. नवीनतम अकादमिक सत्र की प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट <u>(PAR)</u> की प्रति।
5. शपथ पत्र (निर्धारित प्रारूप में)।

अतः उपर्युक्त समस्त जानकारी दिनांक 02.07.2023 तक आवश्यक रूप से ऑनलाईन पोर्टल पर उपलब्ध करवाएं अन्यथा इसके अभाव में आपके महाविद्यालय को पी.टी.ई.टी.–2023 काउंसलिंग से बाहर कर दिया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी। महाविद्यालयों का पंजीकरण अस्थाई है। यदि उपर्युक्त जानकारी में से कोई सूचना गलत पाई जाती है तो महाविद्यालय का पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा।

समन्वयक

पीटीईटी परीक्षा–2023

कार्यालय समन्वयक, पीटीईटी 2023
गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय,बाँसवाड़ा

Email: ptetggtu2023@gmail.com *Mobile No. 7357477123*

क्रमांकः एफ ( )/जीजीटीयू/पीटीईटीपरीक्षा/2023/101 दिनांक– 30.06.2023

<u>महाविद्यालय प्राचार्य हेतु आवश्यक निर्देश</u>

पी.टी.ई.टी. 2023 में दो वर्षीय बी.एड. तथा चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड बी.ए. बी.एड./बी. एससी. बी.एड. की काउंसलिंग हेतु सभी सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य हेतु निर्देश –

1. आपके महाविद्यालय को आवंटित अभ्यर्थियों की सूचना पी.टी.ई.टी.–2023 की अधिकृत वेबसाइट www.ptetggtu.com पर लॉगिन करके ही प्राप्त करें। अधिकृत वेबसाइट के अलावा फेक वेबसाइट पर लॉगिन न करें।

2. चयनित अभ्यर्थी आवंटित महाविद्यालय में अपने शैक्षणिक दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाएंगे।

3. महाविद्यालय के रिपोर्ट करने की अन्तिम तिथि तक संबंधित छात्र अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका तथा आरक्षण संबंधित प्रमाण–पत्र संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य को सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। मूल अंकतालिका के अभाव में संबंधित प्राचार्य इंटरनेट द्वारा जारी अंकतालिका का सत्यापन संबंधित विश्वविद्यालय से कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है तो इस संबंध में संबंधित विश्वविद्यालय से ही सम्पर्क कर परीक्षा परिणाम प्राप्त करें। पी.टी.ई.टी. कार्यालय में इस बाबत् सम्पर्क न करें।

4. महाविद्यालय के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि मात्र शपथ–पत्र (एफिडेविट) के आधार पर प्रवेश न देवें तथा संबंधित अभ्यर्थी की पात्रता की पूर्ण जाँच करें। इस हेतु अभ्यर्थियों को अनावश्यक रूप से पी.टी.ई.टी. कार्यालय में सम्पर्क करने हेतु न कहें।

5. सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार की अवैध फीस वसूली न करें अन्यथा उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

6. अभ्यर्थी के दस्तावेजों के सत्यापन की पूर्ण जिम्मेदारी आवंटित महाविद्यालय की होगी।

समन्वयक

पीटीईटी परीक्षा–2023

……………. B.Ed. college, ………………………….

1. We will offer the program only through the campus/premises for which recognition has been obtained from NCTE
2. We will not charge any fee from students that are not determined by the state government or affiliated university.
3. We will not fill any seat/seats at the level of institute. All admission to teacher education program shall be made through coordination agency appointed by the state government.
4. The NOC for session 2023-24 from NCTE,State Govt.& Affiliating university is neither rejected nor pending at any level.
5. We will check all the documents for eligibilities including all categories in original as per joining letter or as per the state governments rules and then we will allow the candidate to join the college/institution.
6. We will be responsible for any violation of state governments NCTE's and affiliating university rule/rules.

Date

Place

Signature of principal with stamp

Signature of secretary of college registered society/director with stamp